संख्या: 104 /2024/ 677 /चार-2024-1787749

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक: 22 फरवरी, 2024

विषय: उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के सम्पूर्ण परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाये जाने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के पत्र संख्या-359/2023-24/381 दिनांक 15 फरवरी, 2024 एवं पत्र संख्या- 359/2023-24/894 दिनांक 02 फरवरी, 2024 के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के सम्पूर्ण परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाये जाने हेतु उ0प्र0 डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लि0 (यूपीडेस्को) को कार्यदायी संस्था नामित किया जाता है। कार्यदायी संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन रू0 59,46,240.00 पर अप्रेजल कमेटी द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

2. उपर्युक्त के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के सम्पूर्ण परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से सी0सी0टी0वी0 कैमरे 05 वर्ष की वारण्टी सहित लगाये जाने हेतु रू0 59,46,240.00 (रू0 उनसठ लाख छियालीस हजार दो सौ चालीस मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबंधों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं:-

(1) स्वीकृत धनराशि आहरित कर कार्यदायी संस्था - उ0प्र0 डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लि0 (यूपीडेस्को) को उपलब्ध करायी जायेगी।
(2) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 17.03.2023 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
(3) आगणन का परीक्षण आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं तद्नुसार प्रस्तावित प्राविधानों को यथावत् मानते हुए किया गया है, जिनमें उल्लेखनीय परिवर्तन जैसे-नये कार्य बढ़ाना, कार्यों के आकार / क्षेत्रफल में वृद्धि इत्यादि, सक्षम स्तर का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।
(4) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति (डूप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व संस्कृति निदेशालय/ उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना / कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित हैं।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(5) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय- समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(6) प्रश्नगत स्वीकृति उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है, यदि मानक के संबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ का होगा।

(7) प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/ मद हेतु की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/ मद हेतु किया जायेगा।

(8) यह अनिवार्य रूप में सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यो की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो तथा समय-समय पर सम्पादित कराये जा रहे कार्यो की मानीटरिंग भी की जायेगी।

3. उक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक -4202- शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय -04- कला एवं संस्कृति -800- अन्य व्यय -37- उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के भवन का सुदृढीकरण-24- वृहत् निर्माण कार्य मद के नामे डाला जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव।

संख्या- 104 /2024/ 677 (1) /चार-2024-1787749 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ ।
5- प्रबन्धक, उ0प्र0 डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लि0 (यूपीडेस्को), लखनऊ।
6- निदेशक, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ ।
8- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।